# Press Release

TATA POWER-DDL

Monday, 11th December, 2023
New Delhi

For Immediate Release

**टाटा पावर-डीडीएल ने बिजली चोरी के मामलों में बड़ी उपलब्धि हासिल की, 14 अभियुक्तों को अदालत ने सजा सुनायी**

टाटा पावर-डीडीएल ने बिजली चोरी के मामले में हाल में कुछ बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। नॉर्थ एवं नॉर्थवैस्ट दिल्ली में 7 मिलियन की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी यूटिलिटी ने अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 के दौरान बिजली चोरी के 14 मामलों में अभियुक्तों को अदालत से सजा दिलवाने में कामयाबी हासिल की है। इन मामलों में कुल 40 लाख रु से अधिक की बिजली चोरी दर्ज की गई थी।

टाटा पावर-डीडीएल ने बिजली चोरी पर रोक लगाने के मकसद से माननीय विशेष विद्युत अदालत, रोहिणी में इन आपराधिक मामले दायर किए थे। मामलों की गंभीरता और असर को देखते हुए, माननीय अदालत ने अप्रैल से नवंबर 2023 के दौरान 14 लोगों को सजा सुनायी। हाल का मामला नॉर्थवैस्ट दिल्ली निवासी का है जो ब्लॉक ए-1, सुल्तानपुरी में LT ABC खंभे से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया था। माननीय विशेष विद्युत अदालत ने बिजली चोरी के मामले में कुछ ई-रिक्शा मालिकों के खिलाफ भी सजा सुनायी है।

इन 14 मामलों में, 40 लाख रु से अधिक की बिजली चोरी दर्ज की गई थी, फिलहाल 4 मामलों में फैसला आना बाकी है। इन चार मामलों में, कुल 27 लाख रु से अधिक की बिजली चोरी दर्ज है।

टाटा पावर-डीडीएल ने माननीय विशेष विद्युत अदालत के फैसले का स्वागत करने के साथ-साथ बिजली चोरी पर काबू पाने की प्रतिबद्धता दोहरायी है। कंपनी ने नागरिकें को उन सभी गैर-कानूनी गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है जो बिजली नेटवर्क को प्रभावित करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक होती हैं और आम जनता को वित्तीय रूप से भी नुकसान

पहुंचाती हैं। टाटा पावर-डीडीएल नागरिकों से बिजली चोरी के मामलों की तत्काल सूचना देने का भी अनुरोध करती है।

ताजा घटनाक्रम के बारे में, **श्री भरत कुमार भदावत, चीफ - कंट्राक्ट्स, ईएसी एंड कंज्यूमर लिटिगेशन, टाटा पावर - डीडीएल,** ने कहा, *"टाटा पावर-डीडीएल में हम अपनी सेवाओं को इंटीग्रेटी बरकरार रखते हुए अपराधी तत्वों को कानून के दायरे में लाते रहेंगे। बिजली चोरी को समाप्त करने का हमारा संकल्प न सिर्फ मजबूत है बल्कि हम जिम्मेदार और सस्टेनेबल एनर्जी फ्यूचर सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्यरत हैं।"*

बिजली चोरी के मामलों की सूचना देने के लिए कृपया +91 9873300348 पर संपर्क करें या हमें customercare@tatapower-ddl.com पर लिखें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 6.34% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com

For further information please contact:

**Corporate Communications:** Sonia Sarin (9910292599)

**Slough PR:** Abhishek Anand (9711061540)